Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 28-03-2023 | अंक 525

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### बेतला से भटक कर दोरामी गांव पहुंचा हिरण



**अपेम लाइव : लातेहार**

बरवाडीह/लातेहार : बेतला नेशनल पार्क के जंगल से एक हिरन भटक कर डोरामी गांव के तुरी टोला में जा पहुंचा जहां पर अफरा तफरी का माहौल देखा गया।साथ ही सुचना के उपरांत बेतला वन विभाग के सिपाही मौके पर पहुंच कर हिरन को जंगल की खदेड़ने का प्रयास किया परंतु घुम घुम कर जंगल से गांव के ही ओर आ जा रहा था साथ ही वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू कर बेतला लाया जहां जंगल में छोड़ने का काम किया गया

### नेतरहाट थाना प्रभारी के नेतृत्व में थाना पुलिस ने फ्लैग मार्च किया



**अपेम लाइव : लातेहार**

महुआडांड़ /लातेहर : रामनवमी पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्द के माहौल में मने इसे लेकर मंगलवार को नेतरहाट थाना प्रभारी बंधन भगत के नेतृत्व थाना पुलिस ने नेतरहाट थाना क्षेत्र अंतर्गत बरदौनी, लुरगुमी, कापू, दूरूप, दौना, बराही, गड़बूढनी गांव में फ्लैग मार्च किया गया, इस दौरान थाना प्रभारी श्री भगत ने लोगों से पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की पुआनि जानू कुमार अन्य जिला पुलिस बल एवं आईआरबी से जवान मौजूद थे।

### भाजपा जिलाध्यक्ष ने किया सिंह मोटर पार्ट्स शुभारंभ



**अपेम लाइव : लातेहार**

गारू/लातेहार : मनिका के पूर्व विधायक सह भाजपा जिलाध्यक्ष हरेकृष्णा सिंह, जीप सदस्य जीरा देवी, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष तौकीर मिया, प्रखंड प्रमुख सीता देवी, पंचायत समिति सदस्य बरखा कुमारी ने संयुक्त रूप से फ़ीता काटकर गारू प्रखंड मुख्यालय के आवासीय छात्रावास के समीप सिंह मोटर पार्टस दुकान का शुभारंभ किया। सिंह मोटर पार्ट्स के प्रोपराइटर गोपी कुमार सिंह नें बताया कि, गारू में ट्रैक्टर, बोलेरो आदि वाहनों का पार्ट्स नहीं मिल पाता है, जिसके कारण लोगों को लातेहार या डालटनगंज जाना पड़ता हैं। इस प्रतिष्ठान का उद्देश्य है कि, वाहनों की पार्ट्स से लेकर उचित मूल्य में वाहनों के सर्विसिंग कार्य भी किया जायेगा। मौके पर रवि कुमार सिंह, मंगल उरांव, मंजर कासमी, प्रिन्स सिंह व अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

# बरही प्रखंड के 10 अखाड़ाधारियों को विधायक मनीष जायसवाल ने भेंट किया पारम्परिक अस्त्र व लाठी

## बिना शस्त्र के शास्त्र और धर्म की रक्षा संभव नहीं : मनीष जायसवाल

## वर्षो से बरही की झांकी हजारीबाग की इंटरनेशनल रामनवमी को सुशोभित करने का कार्य करती है : मनोज कुमार यादव





**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

हजारीबाग की ऐतिहासिक रामनवमी को लेकर विधायक मनीष जायसवाल का पारंपरिक हथियार वितरण अभियान लगातार तीसरे दिन जारी है। इसी दौरान बरही प्रखण्ड के बरही चौक के सरिया रोड़ स्थित नए दुर्गा मंदिर परिसर में हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव की उपस्थिति में 10 अखाड़ाधारियों को पारंपरिक अस्त्र व 210 डंडा भेंट किया। इस दौरान उन्होंने अखाड़ाधारियों को पारंपरिक हथियार भेंट करने के बाद अखाड़ा धारियों के बीच पहुंचकर उनतक यह सौगात पहुंचाया। यहां बरही क्षेत्र के विभिन्न अखाड़ों के रामभक्तों के साथ विशेष बैठक का भी आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष रमेश ठाकुर व संचालन विहिप जिला सहमंत्री सह पूजा कमिटी अध्यक्ष गुरुदेव गुप्ता ने किया। हजारीबाग सदर विधायक मनीष जयसवाल, बरही के पूर्व विधायक मनोज यादव, हजारीबाग सदर विधायक के प्रतिनिधि दिनेश सिंह रा. ठौर को भगवा अंगवस्त्र ओढ़ाकर व माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान कार्यक्रम स्थल जय श्री राम के उद्‌घोष से गुंजायमान हो उठा। हजारीबाग सदर विधायक मनीष जयसवाल ने रामनवमी की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए सभी से हजारीबाग की ऐतिहासिक रामनवमी में पारंपरिक हथियार के साथ कला– कौशल का बेहतर प्रदर्शन करने हेतु आमंत्रित किया। विधायक मनीष जायसवाल ने राम भक्तों से आग्रह भी किया कि रामनवमी महापर्व के दौरान आदर्श मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की जीवनी से प्रेरणा लेते हुए मर्यादित तरीके से उनका जन्मोत्सव मनाए। बरही के वर्तमान विधायक पर भी चुटकी लेते हुए उन्हें नसीहत दिया कि मुंह में राम बगल में छुरी नहीं चलेगा। लोगों को उन्होंने बताया कि विधानसभा के पटल पर उन्होंने कहा था कि 100 साल पहले हजारीबाग की रामनवमी में डीजे नहीं बजता था तो उन्हें बताना चाहेंगे कि 100 साल पहले उनका भी जीवन स्तर वर्तमान के जीवन स्तर से नहीं होगा। विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि इंसान के जीवन में चार चीजों का विशेष महत्त्व हैं। पहला व्यक्तित्व, दूसरा परिवार संस्कार तीसरा धर्म और चौथा राष्ट्र। ये चारों गुणों का समन्वय होना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि बिना शस्त्र के शास्त्र और धर्म को सुरक्षित नहीं रखा जा सकता है। कहा कि शस्त्र वितरण के माध्यम से हिन्दू धर्म की सभ्यता को कायम रखने का प्रयास कर रहा हूं। बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने रामभक्तों को सम्बोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने अपने संकुचित मानसिकता को दर्शा दिया है लेकिन हजारीबाग सदर विधायक मनीष जयसवाल ने हिंदुत्व की बात को विधानसभा से लेकर जन–जन तक यह भावना पहुंच. ाने का काम किया है। क्षेत्र में रामभक्त उनकी प्रशंसा कर रहे है। पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि हजारीबाग जिले की रामनवमी पूजा पूरे भारत में प्रसिद्ध है। बरही की झांकी भी जिले की शोभायात्रा में शामिल होकर शुसोभित करने का कार्य करती है। कार्यक्रम के दौरान सभी अखाड़ों के बीच शस्त्र वितरण के पश्चात सभी अखाड़ा के रामभक्तों, समाजिक कार्यकर्ताओं और स्थानीय प्रेस मीडिया प्रतिनिधियों को भगवा वस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित भी किया। कार्यक्रम के पश्चात बरही चौक पर सदर विधायक मनीष जायसवाल और पूर्व विधायक मनोज यादव पदयात्रा करते हुए कई लोगों से मिले और सौहार्दपूर्ण वातावरण में रामनवमी पर्व मनाने का अपील किया। मौके पर विशेष रूप से सदर विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह राठैड, बरही रामनवमी महासमिति अध्यक्ष रमेश ठाकुर, संरक्षक भगवान केशरी, तपेश्वर साव, उपाध्यक्ष कपिल केशरी, महासचिव अमित साहू, कोषाध्यक्ष बलराम केशरी, संगठन मंत्री उदय केशरी, महावीर मण्डल अखाडा अध्यक्ष गुरुदेव गुप्ता, बजरंग अखाडा गया रोड अध्यक्ष राजू निषाद, श्री राम अखाडा बाराटांड अध्यक्ष अनुज रविदास, हनुमान सेना अखाडा अध्यक्ष राजेश केशरी उर्फ़ मेवालाल, अंजनी अखाडा अध्यक्ष सुनील साहू, महावीर अखाडा धमना अध्यक्ष नरेश गुप्ता, भग. वती मंदिर अखाडा अंकित कुमार, हरला बजरंग क्लुब अध्यक्ष विनोद यादव, प्राचीन भगवती मंदिर कोनरा अध्यक्ष विवेक विश्वकर्मा, साधुशरण दास, रितेश गुप्ता, अमित जयसवाल, राजेन्द्र मधेशिया, बिपिन सिन्हा, नंदकिशोर कुमार, राजू निषाद, शिवा निषाद, सुरेंद्र निषाद, टिंकू केशरी, राहुल गुप्ता, बिनोद यादव, अशोक यादव, मनोज उपाध्याय, सिक्की, अनिल कुमार, सचिन, पिंटू और सदर विधायक मिडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी, मनोज यादव के पीए भूपेंद्र यादव सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें।

APEM LIVE

# लेवी को लेकर माओवादियों ने रोड साइड कंस्ट्रक्शन के मुंशी को पीटा

**अपेम लाइव : लातेहार**
**मो रुस्तम**

महुआडांड़ /लातेहार : नेतरहाट थाना क्षेत्र के अंतर्गत बराही गांव में सोमवार की देर रात अनिल उरांव के घर पर सोये हुए मुंशी संजू पाडये ( 45 ) को माओवादियों ने जगाकर बराही नदी पुल के साइड में लाकर पिटाई किया, इसकी जानकारी ने. तरहाट थाना को दी गई, घायल मुंशी संजू पाडये को रात में इलाज के लिए महुआडांड़ लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार कर रेफर किया गया, बताया जा रहा है, इस घटना को छोटू खेरवार के दस्ते ने अंजाम दिया है। नेतरहाट थाना प्रभारी बंधन भगत दल बल के साथ मंगलवार सुबह बराही नदी पुल साइट में पहुंचे. घटनास्थल पर पहुंचकर मजदूरो से पूरी घटना की जानकारी लिया, वही थाना प्रभारी श्री भगत ने कहा कि माओवादियों ने मारपीट की घटना को लेवी के लिए अंजाम दिया है। पुलिस द्वारा छापेमारी अभियान शुरू कर दिया गया है। मजदूरों ने ताया हाथ पैर बांधकर मूंशी को पीटा मिनी कंस्ट्रक्शन के द्वारा बांसकरचा से कुडो मोड़ तक हो रहे सड़क निर्माण अंतर्गत बराही नदी में बन रहे पूल कार्य में लगें मजदूरो ने बताया रात्रि में 10–12 की संख्या में नक्सली पंहुचे हम चार मजदूर और मिस्त्री साइड पर थे, दो लोग हमारे पास आये, हम लोगों का मोबाइल मांग कर लिया फिर, मुंशी का नाम व पता



पुछ, बराही जाकर डेरा में सो रहे मुंशी संजू पाण्डेय को साइट में लाकर हाथ बांधकर डंडे से बेरहमी से पिटाई किया, कहा दो दिनों के अंदर ठेकेदार को लेवी देने कहो, जब तक लेवी नहीं मिलता, तब तक काम बंद रखने की धमकी भी दिया गया है, ये कहते हुए हम लोगों के मोबाइल वापस कर कहा कि बांसकरचा प्लांट में जिस तरह से आग लगाये थे, वैसे ही करना होगा? कहते हुए वापस करम खाड़ जंगल की ओर निकल गये।

डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित, | एडिटिंग- सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## रामनवमी महासमिति पंचमाधव मेला स्थल पर चला साफ सफाई अभियान

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



रामनवमी पर्व को देखते हुए जगह जगह सफाई अभियान और रामभक्त झंडा लगाने में जुटे है। इसी दौरान पंचमाधव मेला स्थल पर मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, रामनवमी महासमिति पंचमाधव के अध्यक्ष बीरेंद्र सिंह के नेतृत्व में सफाई अभियान चलाया गया। सफाई अभियान में जेसीबी से जगह जगह समतलीकरण व सफाई किया गया। इस दौरान मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप ने कहा कि भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव को लेकर रामनवमी पर्व मनाया जाता है। मर्यादा पुरुषोत्तम भग. वान श्रीराम हमसबों के आदर्श है। उनके बताए मार्गो का अनुशरण हमसबों को करना चाहिए। इस मौके पर मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, रामनवमी महासमिति पंचमाधव के अध्यक्ष बीरेंद्र सिंह, सचिव छोटन गोप, पंसस प्रतिनिधि कामेश्वर राम, समाजसेवी नागेश्वर रजक, रामनवमी अखाडा पंचमाधव अध्यक्ष विशेश्वर यादव, सचिव अनिल यादव, राजेश यादव, संतोष यादव, उपेंद्र यादव, बीरेंद्र ठाकुर, सुरेन्द्र यादव समेत अन्य लोग शामिल थे।

## भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में दो दिवसीय वार्षिक आचार्य कार्यशाला का आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरही में दो दिवसीय वार्षिक आचार्य कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि भागवत कथा वाचक विजय सैंबाल, विद्यालय के प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित व पुष्पार्चन कर संयुक्त रूप से किया। जिसके बाद मुख्य अतिथि विजय सैंबाल को अंग वस्त्र देकर प्रधानाचार्य द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यशाला का द्वितीय दिवस पाँच सत्रों में संचालित की गई। प्रथम सत्र का विषय वंदना के उपरांत विद्यालय के सभी अभिलेखों को व्यवस्थित एवं अद्यतन करना एवं अतिथि का उद्‌बोधन, द्वितीय सत्र में कार्य योजना में बाल विकास, आचार्य विकास, समिति विकास, अभिभावक विकास एवं अन्य प्रकार के कार्यक्रमों पर चर्चा, तृतीय सत्र में नवीन शैक्षणिक तकनीक के प्रयोग पर चर्चा, टीएलएम, पीपीटी, पीएलएम, टीएलई के प्रयोग, चतुर्थ सत्र में आंग्ल संभाषण (इंग्लिन्स स्पोकन) एवं अपना विद्यालय सर्वश्रेष्ठ कैसे बने? और पंचम सत्र में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिपेक्ष्य में चर्चा आदि विषय को शामिल किया गया। कार्यशाला की भूमिका रखते हुए प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय ने कहा कि विद्यालय द्वारा तैयार वार्षिक कार्य योजनाओं के पालन से शिक्षा में गुणात्मक सुधार के साथ-साथ सामाजिक क्षेत्र के दायित्वों के निर्वहन में भी मदद मिलती है। मुख्य अतिथि ने सभी आचार्यों से कहा कि आचार्य विद्यालय का एक स्तंभ होता है। आचार्य के हाथ में वह शक्ति है जो अपने शिष्यों को एक असभ्य से सभ्य व्यक्ति तक बना सकता है। विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य चंद्रमोहन मिश्र ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु बच्चे की मनरूस्थिति को समझते हुए शिक्षण गतिविधि करानी चाहिए। कार्यक्रम का संचालन नेहा मिश्र द्वारा किया गया। कार्यशाला में विद्यालय के समस्त आचार्य एवं दीदी जी विशेष रूप से उपस्थित थे।

## कोयली में मनाया गया श्रीराम जन्मोत्सव, श्रीराम के आदर्श को आत्मसात करने का संकल्प

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


श्रीराम जन्मोत्सव मनाते लोग

बेंदगी पंचायत के कोइली हनुमान मंदिर परिसर में मंगलवार को प्रातः 10 बजे, विहिप के केंद्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत श्रीराम जन्मोत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ज़िला गौ रक्षा प्रमुख इंद्रदेव गुप्ता जी उपस्थित हुए। मुख्य वक्ता के रूप में बजरंग दल सह संयोजक बरही नितेश कुमार जी ने कार्यक्रम का विधिवत प्रारम्भ करते हुए ओमकार ध्वनि,एकात्मता मंत्र तथा विजय महामंत्र का सामूहिक पाठ किया, तत्पश्चात मुख्य अतिथि, ज़िला पदाधिकारियों तथा उपस्थित कार्यकर्ताओं का परिचय सत्र हुआ। इसके पश्चात ज़िला गौ रक्षा प्रमुख इंद्रदेव गुप्ता ने, श्रीराम जन्मोत्सव पर अपना बौद्धिक दिया। अन्य वक्ता में नितेश कुमार ने हिन्दू समाज में वर्तमान समस्यों की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। अंत में मुख्य अतिथि, जिला गौरक्षा प्रमुख इंद्रदेव गुप्ता ने कहा कि, श्री राम जन्मोत्सव तथा श्री हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम 6 अप्रैल तक, प्रखंड के अलावा खंड से लेकर ग्राम स्तर तक की समितियों को मनाना अनिवार्य है। साथ ही प्रखंड मंत्री को, प्रखंड समिति में अप्रशिक्षित, अनुशासनहीन कार्यकर्ताओं के स्थान पर, योग्य प्रशिक्षित कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता के आधार पर सभी दायित्वों को शीघ्र ही पूर्ण कर पूर्ण समिति गठित करने का निर्णय लिया। कार्यक्रम में कोइली ग्राम के मनोज कुमार यादव संतोष कुमार रंजीत यादव अजय यादव गौरव यादव जसवा देवी पिंटू कुमार अजय कुमार उमेश प्रजापति आदि उपस्थित हुए।

## शैक्षणिक भ्रमण कर गए लौटे युवक-युवती

**अपेम लाइव : लातेहार**
**सनी वर्मा**




बरवाडीह/लातेहार : सीआरपीएफ की 11 वी बटालियन के नक्सल प्रभावित क्षेत्र में स्थित कैंप के द्वारा विभिन्न गांव में रहने वाले शिक्षित युवक युवतियों को शैक्षणिक भ्रमण पर भेजने का काम किया जा रहा है जिसके तहत बरवाडीह प्रखंड के मडल मंडल सीआरपीएफ के 11 बटालियन के द्वारा शैक्षणिक भ्रमण पर इंदौर भेजे गए सभी युवक युवती मंगलवार को वापस पहुंचे इस दौरान कैंप परिसर में सहायक कमांडेंट नीरज कुमार सोनकर के द्वारा उनका स्वागत करते हुए उन्हें सम्मानित करने का काम किया गया । श्री सोनकर ने बताया कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के युवक-युवतियों में प्रतिभा की कमी नहीं है बस जरूरत है तो उन प्रतिभाओं को निखारने और उनका मानसिक विकास करने के उद्देश्य कैंप के आसपास के चयनित बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण पर भेजने का काम किया गया था जहां या भ्रमण काफी लाभदायक साबित हुआ है । इस दौरान मौके पर वार्ड सदस्य सोनी देवी राज कुमार गुप्ता इंस्पेक्टर ललन कुमार रंजन रणधीर सिंह बृजेश सिंह अमित कुमार समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे ।






सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## लातेहार पुलिस ने रामनवमी को लेकर किया फ्लैग मार्च

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



लातेहार : पुलिस कप्तान अंजनी अंजन के नेतृत्व में रामनवमी पूजा आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाने को लेकर मंगलवार को फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च चटनाही से प्रारंभ होकर चरमुहान थाना चौक मुख्य मार्ग होते हुए समाहरणालय परिसर तक पहुंची। फ्लैग मार्च के दौरान एसपी अंजनी अंजन ने कहा कि रामनवमी पर्व शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो जिसे लेकर जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है। जिला पुलिस त्यौहार के दौरान सभी चौक चौराहों पर सक्रिय रहेगी। सभी जवान को एंटी राइट गियर के साथ सुसज्जित है। इस दौरान सभी जवान हेलमेट शिल्ड वाटर कैनन ,फायर ब्रिगेड के साथ फ्लैग मार्च कर रहे थे। वही एसपीडीओ संतोष मिश्रा ने कहा कि निर्धारित रूट से ही विभिन्न अखाड़ा के समितियों को झांकी और शोभा यात्रा निकालने की अपील की गई है। उन्होंने कहा कि अशांति व सां. प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले लोगों को चिन्हित कर कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। फ्लैग मार्च में डीसी भोर सिंह यादव, एसपी अंजनी अंजन, प्रभारी डीडीसी आलोक शिकारी कश्चप, एसडीओ शेखर कुमार, एसडीपीओ संतोष मिश्रा, बीडीओ मेघनाथ उरॉव , सीओ रूद्र प्रताप, थाना प्रभारी चंद्रशेखर चौधरी समेत सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## बड़कागांव की पारंपरिक रामनवमी शोभायात्रा डंडा - परंपरागत शस्त्र वितरण

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : सांसद प्रतिनिधि सह युवा मोर्चा प्रदेश नेत्री पूनम साहू , युवा मोर्चा जिला सोसल मीडिया प्रभारी शिबू मेहता के सौजन्य से पूरे बड़कागांव प्रखंड के कुल 8 अखाड़ा धारियों के बीच पहुंचकर पारंपारिक शस्त्र वितरण अभियान की शुरुआत की। सभी अखाड़ा धारियों को लाठी और तलवार सौंपा गया। बड़कागांव प्रखंड रामनवमी पूजा समिति गुरुचट्टी, रामजनकी मंदिर पूजा समिति गुरुचट्टी, श्री रामदूत महावीर पूजा समिति मुख्य चौक, कुशवाहा रामनवमी पूजा समिति सूर्य मंदिर बड़कागांव, अवतार क्लब लोहार मोहल्ला, संगम युवा क्लब, बसरिया मोहल्ला, बसंती दुर्गा पूजा समिति बड़कागांव एवम् श्री श्री महावीर पूजा समिति ठाकुर मोहल्ला, नापो खुर्द , नापो कला, नापो बरवानिया,अन्य गांवों के रामनवमी समिति को भेंट सौंपा। मौके पर पुनम साहू ने कहा कि यह पारंपारिक शस्त्र का सदुपयोग करते हुए रामनवमी के शोभा यात्रा में कला कौशल का प्रदर्शन कर भावी पीढ़ी के लिए शस्त्र परिचालन कौशल को संरक्षित करने और सौ. हार्दपूर्ण वातावरण में बिना किसी विवाद के नशा मुक्त होकर रामनवमी मनाए। मौके पर मुख्य रूप से युवा मोर्चा जिला सोसल मीडिया प्रभारी शिव शंकर उर्फ शिबू मेहता, उदय मेहता, सतीश कुमार, मोनी वर्मा,पंकज कुमार, अमृत कुमार, राजेंद्र कुमार,संदीप कुमार, अनिल कुमार, जतीन कुमार, कुलेश्वर कुमार उर्फ़ पाण्डेय मिस्त्री, मुकेश कुमार साव व अन्य उपस्थित थे।

## आपात स्थिति से निपटने के लिए पुलिस ने किया मॉक ड्रिल

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



लातेहार. रामवनमी पूजा में भीड़ एवं नाजायज मजमा लगाने वालों से सख्ती से निपटने के लिए पुलिस ने न्यू पुलिस लाइन में मॉक ड्रिल किया. मौके पर पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन, एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्रा, थाना प्रभारी चंद्रशेखर चौधरी, सार्जेंट मेजर सुशांत कुमार समेंत कई पुलिस अधिकारी उपस्थित थे. मॉक ड्रिल में पुलिस के जवानों को किसी अप्रिय घटना से निपटने के लिए व्यवहारिक रूप से प्रशिक्षण दिया गया. उन्हें भीड़ से निपटने के उपायों की जानकारी दी. इसके अलावा भीड़ से खुद को कैसे सुरक्षित रहने हुए जवाबी कार्रवाई करें इसकी भी जानकारी दी गयी. अधीक्षक अंजनी अंजन ने बताया कि रामनवमी पूजा को ले कर यह सब तैयारियां की जा रही है. पुलिस के जवानों को भीड़ एवं अप्रिय घटना से निपटने के लिए व्यवहारिक रूप से प्रशिक्षण दिया गया, ताकि वे हर स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहे. उन्होने कहा कि रामनवमी के दौरान पुलिस पूरी तरह से सतर्क है और हर छोटी-बड़ी घटनाओ पर नजर रखेगी. संवेदनशील इलाकों में पुलिस बल की तैनाती की जा रही है, इसके लिए सरकार से अतिरिक्त पुलिस बल की मांग की गयी थी और जवान यहां पहुंच चुके हैं.

## उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ चार दिवसीय चौती छठ महापर्व हुआ संपन्न

**अपेम लाइव : लातेहार**
**मो रुस्तम**




महुआडांड़ /लातेहार : महुआडांड़ प्रखंड के रामपुर छठ घाट पर उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ मंगलवार को चार दिवसीय चौती छठ महापर्व संपन्न हुआ, इस दौरान प्रखंड में पांच छठ व्रतियों ने 36 घंटों का निर्जला उपवास रखकर भगवान सूर्य की आराधना की और देश, समाज, परिवार के सुख-शांति और समृधि की कामना की. चार दिनों तक चलने वाले इस महापर्व को काफी उल्लास के साथ मनाया गया. इस दौरान घाट में छठ गीतों से पूरा वातावरण छठमय रहा।







डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## एसवीएम लातेहार में तीन दिवसीय आचार्य कार्यशाला का हुआ समापन

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



लातेहार : जिला मुख्यालय स्थित सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार में आगामी सत्र 2023 से 24 हेतु तीन दिवसीय आचार्य कार्यशाला आयोजित किया गया। कार्यशाला का आरंभ विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के सचिव नरेंद्र पांडे व विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी के द्वारा संयुक्त रूप से भारत माता के चित्र के समीप दीप प्रज्वलन कर किया गया।कार्यशाला के प्रथम दिवस के प्रथम सत्र में प्रमुख विभागों पर चर्चा की गई एवं आचार्यों के बीच विभाग बांटे गए, द्वितीय सत्र में केंद्रीय विषय पर चर्चा, विभागों के कार्यों की समीक्षा, तृतीय सत्र में संचिकाओ एवं अभिलेखों को व्यवस्थित किया गया।दूसरे दिवस के प्रथम एवं द्वितीय सत्र में वार्षिक कार्य योजना पर विस्तार से चर्चा की गई वही तृतीय सत्र में शारीरिक शिक्षा एवं योगाभ्यास कराया गया ,आचार्य कार्यशाला के अंतिम दिवस व तृतीय दिवस के प्रथम सत्र में शैक्षणिक एवं सह शैक्षणिक उत्कृष्टता पर चर्चा, वही अंतिम सत्र में प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल व शिक्षा पर चर्चा की गई।इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी ने कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य शैक्षिक गतिविधियों के साथ-साथ वर्ष भर के प्रस्तावित कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाना एवं उनका समुचित ढंग से क्रियान्वयन करना है ताकि विद्यालय समाज की आकांक्षाओं पर खड़ा उत्तर सकें। वहीं विद्यालय के सचिव श्री नरेंद्र पांडे ने बताया कि कार्यशाला आयोजित करने का उद्देश्य भैया बहनों के सर्वांगीण विकास हेतु सबल एवं निर्बल पक्षों पर गहनता से विचार विमर्श करते हुए उस पर अमल करना है ताकि विद्यालय में अध्ययनरत भैया बहन ना केवल पठन-पाठन में बेहतर बने बल्कि समाज के लिए एक उदाहरण बन सके।इस कार्यशाला में विद्यालय प्रबंधन कारिणी समिति के सदस्य , सभी आचार्य /दीदी जी उपस्थित रहे।

## पलास हॉस्पिटल का लातेहार एवं मनिका विधायक ने किया उद्घाटन

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



लातेहार : जिला मुख्यालय के समीप अंबाकोठी में पलास हॉस्पिटल का उद्घाटन मंगलवार को मुख्य अतिथि लातेहार के विधायक बैद्यनाथ राम व मनिका विधायक रामचंद्र सिंह एवं नगर अध्यक्षा सीतामनी तिर्की ने फीता काटकर किया। मौके पर थायराइड डॉ एस पी सिंह, न्यूरो डॉक्टर गणेश कुमार, यूरोलॉजी शैलेंद्र कुमार सिंह, इमरजेंसी मेडिसिन डॉ वसंत, ऑर्थोपेडिक डॉक्टर अभिनव मिश्रा, डॉक्टर संदीप शर्मा, डॉ राजेश सिंह, डॉ रवि रंजन, डॉ पल्लवी सिंह, डॉ चंदन कुमार सिंह एवं डॉ कुंदन कुमार सिंह उपस्थित रहे। इस अवसर पर बैद्यनाथ राम ने कहा कि शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के लिए नगर में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होगी जिस कारण उन्हें अन्य जगह नहीं जाना पड़ेगा। श्री राम ने आगे कहा कि लातेहार जिले में मेडिकल क०लेज के लिए जमीन देख लिया गया है। बहुत जल्द लातेहार में मेडिकल क०लेज की व्यवस्था की जाएगी।वही मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि आजकल के लोगों में अंधविश्वास भर गया है। जो ज्यादा से ज्यादा लोग अंधविश्वास के चक्कर में अपने और अपने परिजनों के जीवन संकट में डाल देते हैं। उन लोगों को अंधविश्वास से उठकर अस्पताल की और आना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि जो लोग गांव से आते हैं उन्हें निश्चित रूप से जो है उनके पास उन्हीं में उनका पूर्ण रूप से इलाज किया जाए। उन गरीब मरीजों को विश्वास दिलाया की उनका इलाज बेहतर और कम खर्च में यहां इलाज किया जाएगा, बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।मौके पर हॉस्पिटल संचालक चन्दन कुमार, ज्ञानचंद पांडे, भाजपा जिला अध्यक्ष हरे कृष्णा सिंह, प्रमोद कुमार सिंह, रा. जधानी यादव, मेघा दुबे, राजमणि वकील, दुर्गा प्रसाद, सुदामा प्रसाद, अंकित पांडे एवं विशाल कुमार, राजेन्द्र सिंह, सुनील कुमार, सरजू सिंह, समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य मेला में उमड़े लोग, दवाइयों के साथ मिला स्वास्थ्य सम्बंधित जानकारी

### स्वास्थ्य मेला में पहुंचे सीएस व मनिका विधायक

**अपेम लाइव : लातेहार**
**उमेश यादव**




गारू/लातेहार : गारू प्रखंड कार्यालय के परिसर में स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मनिका विधायक रामचंद्र सिंह लातेहार सिविल सर्जन दिनेश कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। बताते चलें कि,स्वास्थ्य सुविधा बेहतर करने के उद्देश्य से झारखंड राज्य में 25 से 29 मार्च तक सभी प्रखंडों में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जा रहा है।जिसमें सभी प्रकार के गैर संचारी और संचारी रोगों का स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से जांच और उचित इलाज किया जा रहा है। इसी कड़ी में गारू में मंगलवार को स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। इस समारोह में इलाके की सहिया तथा पंचायत स्तरीय टीम भी उपस्थित रहे। नेत्र चिकित्सक, दंत चिकित्सक भी शिविर में उपस्थित रहे। मरीज एक्स रे, टीबी जाँच आदि का लाभ प्राप्त किया। मनिका विधायक रामचंद्र सिंह सम्बोधित करते हुए कहा कि,मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों तक स्वास्थ्य की सुविधा देने के लिए लगातार कोशिश कर रही है। प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन उन महत्वाकांक्षी योजनाओं की पहल का बस एक माध्यम है।उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार की ओर से सर्वजन पेंशन योजना से राज्य के सभी वर्गों के अहर्ताधारी लाभुकों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन से जोड़ा जा रहा है। सिविल सर्जन लातेहार ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपनी सेवा दे रहे मेडिकल स्टाफ, सहियाओं, एमपीडब्ल्यू को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आप सभी लोगों के उत्कृष्ट सेवा भाव से ही कोविड19 के दौरान सरकार आम लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं देने में सफलता हासिल की। इसके अलावा उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय टीबी तथा कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम में जिला में टीबी मरीजों को चिन्हित इलाज किया जा रहा है। कार्यक्रम में रेफरल अस्पताल के प्रभारी चिकित्सक अरविन्द कुमार, बीडीओ प्रताप टोप्पो, सीओ शम्भू राम,जिला परिषद सदस्य जीरा देवी, विधायक प्रतिनिधि मनोज यादव, उपप्रमुख रामदास यादव, मनोज उरांव, पवन कश्यप, मेडिकल टीम तथा सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।

## गोसाई बलिया में शांति समिति की बैठक संपन्न, शांतिपूर्वक मनाने पर जोर दिया गया

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**




बड़कागांव : रामनवमी पूजा को शांतिपूर्वक मनाने को लेकर गोसाई बलिया पंचायत भवन में शांति समिति की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी विनोद तिर्की एवं संचालन मुखिया प्रतिनिधि चंदनपुरी ने किया। मौके पर थाना प्रभारी ने उपस्थित लोगों से डीजे साउंड नहीं बजाने की आग्रा की। उपस्थित लोगों ने मिलजुल कर शांति पूर्वक रामनवमी पर्व मनाने की बात कही। मौके पर मुख्य रूप से पूर्व मुखिया वाहिद हुसैन, पूर्व पंचायत समिति सदस्य अली रजा, वार्ड सदस्य सुरेश रजक, फारुख हुसैन, संजर हुसैन, गुलाम अली, प्रमोद गिरी, शोले नायक, सत्येंद्र वर्मा, कमल पुरी, प्रमेश गिरी, दशरथ चौधरी महेश यादव के अलावा दर्जनों लोग उपस्थित थे।




UDISE CODE - 20040105606

Arise Awake & Achieve

SWAMI VIVEKANANDA ACADEMY

Run And Managed By Vivekanand Education And Welfare Trust Barhi, Reg. No- 2020/BAR/1085/BK4/10

Charmile, Khorahar, Barhi (Hazaribag) 825405

Mob. : 9955067983, 9934680783

Email Id : swamivivekanandaacademy12@gmail.com, bkyadav683@gmail.com

Career Opportunities

Candidate with relevant teaching experience, fluent in English and should be qualified from JAC, CBSE

TEACHER REQUIREMENT

| Sl. No. | Post | Qualifcation |
|---|---|---|
| 1 | Pre Primary Teachers | Graduate Pre-Primary Certification |
| 2 | Primary Teachers | Graduate +B.ed, D.EL.ED |

Subject Teacher : English/ SST/Science

Applicant Candidate may Mail their details resume within 7 days to
Mail id : bkyadav683@gmail.com
WhatsApp : 9934680783

Principal : 9470318683

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर



## इंग्लिश हो तो पंकज जैसी, गोली के रफ्तार से बोलते हैं इंग्लिश

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



यह कहावत अभ्यास मनुष्य को परिपूर्ण बनाता है दावा करता है कि जब आप किसी चीज के लिए प्रयास करते हैं तब आप उसपर महारथ हासिल कर लेते हैं। अभ्यास से, इसका मतलब है कि उस चीज को बार-बार करना। यह कुछ भी हो सकता है जैसे, पढ़ाई, खेल, या कोई भी अन्य चीज। अगर आप उस कार्य को लगातार दोहराते रहते हैं तब आप उस निश्चित कार्य या क्षेत्र में श्रेष्ठता हासिल कर लेते है। इसी का एक जीत जागता उदाहरण है बरही के पँचमाधव उर्फ कोलंगा निवासी पंकज कुमार। जो कि स्वयं के सतत अभ्यास से स्पोकेन इंग्लिश को इस कदर अभ्यास किया कि उसे बंदूक की गोली की तरह तेज़ रफ़्तार से इंग्लिश बोलते हैं। लोगों से बात करते हैं, बातों को समझते भी हैं और रियेक्ट करते हैं। वो कहते हैं कि मैं इंग्लिश बोल, लिख और समझ नहीं पाता था। जिससे कि लोग मेरा उपहाश उड़ाया करते थे। एक दिन मैंने निश्चय किया कि अब मैं इंग्लिश सीख के ही रहूंगा चाहे मुझे कितना भी कठिन परीक्षा से क्यों न गुजरना पड़े। जिसके बाद मैंने अपने 7-8 महीने के बेजोड़ मेहनत और अध्ययन से खुद को इतना परिपूर्ण कर पाए हैं। साथ ही कहते हैं कि अपने स्पोकन इंग्लिश के अभ्यास के लिए लगातार विदेशी नागरिकों से बात करते थे। यही कारण है कि वो आज इतना इतना फ़्लूएंट इंग्लिश बोल पा रहे हैं। जिनका अपना खुद का यूट्यूब चौनल भी है जो कि पंकज पेप टॉक्स के नाम से है। वो लगातार इन पर वीडियो डालते रहते हैं। इसके साथ ही वो कंपीटिशन परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं। वो एजुकेशन क्षेत्र के महान शिक्षक खान सर के भी फैन है। उनके सारे वीडियो को देखते हैं, नोट्स बनाते हैं और स्वयं से अध्ययन करते हैं। सारे विषयों की वे स्वयं अध्ययन से करते हैं। इनका लक्ष्य है कम्पटीशन परीक्षाओं को क्रैक कर देश की सेवा करना अपने जैसे युवाओं के लिए एक मिशाल बनना चाहते हैं। अन्ततः ऐसे मेहनती युवा से अन्य स्टूडेंट्स को भी सीख लेनी चाहिए। जो बहाना बनाते हैं मेरे पास ये नहीं, वो नहीं है और तरह-तरह के संसाधन की कमी की गिनाते हैं। ऐसे युवा को समाज के हर एक वर्ग को सहयोग करना चाहिए। आइए हम सब मिलकर इनके हौसलाफजाई के लिए इन्हें प्रोमोट करें और इनके यूट्यूब चौनल पंकज पेप टॉक्स को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाएं और सब्सक्राइब कर अन्य लोगों तक इनकी प्रतिभा को पहुंचाएं।

## डिवाइन स्कूल के दो छात्रों का राष्ट्रीय ताइक्वांडो चौंपियनशिप के लिए चयन

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनील कुमार**




बरकट्ठा प्रखंड अंतर्गत गंगपाचो स्थित सीबीएसई बोर्ड से प्लस टू तक मान्यता प्राप्त डिवाइन पब्लिक स्कूल के दो छात्रों का राष्ट्रीय ताइक्वांडो चौंपियनशिप प्रतियोगिता में अपने वेट में झारखंड प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ ।छत्ति. सवां राष्ट्रीय सब जुनियर ताइक्वांडो चौंपियनशिप में राजेश कुमार का 21 किलोग्राम कैटेगरी में और पांचवां राष्ट्रीय केडेट ताइक्वांडो चौंपियनशिप में मुकेश कुमार का 51 किलोग्राम कैटेगरी में झारखंड राज्य का प्रति. निधित्व करने के लिए चयन किया गया है। यह प्रतियोगिता 28 मार्च से 31 मार्च तक राजस्थान में आयोजित किया जाएगा। पूरे झारखंड राज्य में में इस वेट कैटेगरी में केवल राजेश कुमार और मुकेश कुमार का चयन हुआ है ।इनका चयन होने में सबसे ज्यादा योगदान ताइ. क्वांडो प्रशिक्षक गुलाम हसन का है जो अपने कड़े प्रशिक्षण से इन बच्चों को इस योग्य बनाया कि ये केवल विद्यालय का ही नहीं बल्कि झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करने योग्य हो गए। विद्यालय निदेशक आई पी भारती ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया। विद्यालय प्राचार्य भानु प्रताप सिंह ने कहा कि विद्यालय में छात्रों के हर क्षेत्र के विकास का ध्यान रखा जाता है। छात्र जिस लक्ष्य का चुनाव करता है उसी के अनुरूप प्रशिक्षण भी दिया जाता है ।वे छात्रों और उनके प्रशिक्षक के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दिए। प्रशिक्षक गुलाम हसन इस सफलता का श्रेय बच्चों के कठिन अभ्यास और उनके लगन को दिया। छात्रों के राष्ट्रीय चौंपियनशिप में चयन होने पर विद्यालय के सभी शिक्षकों ने उन्हें आशीर्वाद के साथ सफलता प्राप्त करने का मंत्र दिया।

## भंडारों में इफ्तार पार्टी का किया गया आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत भंडारों पंचायत के इस्लामाबाद भंडारों में मो तैयब अली के सौजन्य से मस्जिद प्रांगण में इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति के अध्यक्ष मो कयूम सामाजिक कार्यकर्ता पप्पू खान, सराज अंसारी, रि. जवान अंसारी, मो ताहिर, तनवीर अंसारी मकबूल अंसारी, मुस्लिम अंसारी अब्दुल कैयूम, अब्दुल हमीद, जहूर मियां आदि उपस्थित रहें। इस इफ्तार के अवसर पर मौलाना सफायत साहब ने भंडारों पंचायत सहित पूरे देश के सूख शांति के लिए दुआ किया।

## देवी प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर पहुंचे विधायक अकेला , टेक्का मत्था





**अपेम लाइव चंदवारा**
**श्रीकांत पांडेय**

कोडरमा चंदवारा प्रखंड अंतर्गत चौती बासंती दुर्गा पूजा महोत्सव के सप्तमी दुर्गा देवी प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर पहुंचे बरही विधानसभा के विधायक माननिये श्री अकेला यादव ने पूजा पंडाल में फीता काटकर प्रवेश किए तथा माँ दुर्गा के दर्शन किए पहुंचे सभी अतिथियों को शक्ति सिंह के द्वारा मां का पट्टा देकर सम्मानित किया गया मौके पर श्री विधायक ने कहा कि इस भव्य आयोजन के लिए उन सभी पूजा समिति के सदस्यों को बहुत-बहुत आभार जो इतना भव्य एवं विशाल पंडाल बना कर क्षेत्र में आस्था का मिशाल पेस किये है तथा उन्होंने क्षेत्र के तमाम श्रद्धालुओं से शांति पूर्ण राम नवमी मनाने का अपील किये इस मौके पर पूजा समिति के अध्यक्ष अशोक सिंह कपूर प्रखंड प्रमुख विधायक प्रतिनिधि प्रमोद बरनवाल धीरज कुमार समाजसेवी अशोक सिंह, छोटेलाल मोदी, प्रमोद स्वर्णकार ,बबलू यादव ,श्याम यादव ,विकास सिंह, सूर्यदेव सिंह, पप्पू मोदी ,संदीप कुमार, बाल्मीकि पंडित, व अन्य श्रद्धालु इस मौके पर उपस्थित रहे।







डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार